# प्रेस नोट

## दिनांक 08.10.2025

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत "रन फॉर इम्पॉवरमेंट" रैली का आयोजन

आज दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस लाइन्स हमीरपुर में कार्यशाला "रन फॉर इम्पॉवरमेंट" रैली कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सुरक्षित बनाने के साथ-साथ समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा "रन फॉर इम्पॉवरमेंट" रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली कस्बा हमीरपुर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। रैली में विद्यालय की छात्राओं व शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के संदेशों से लोगों को जागरूक किया। कार्यशाला के दौरान महिला एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के साथ-साथ गुड टच और बैड टच की पहचान करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक रूप से आत्मरक्षा के तकनीकी उपायों का प्रदर्शन भी किया गया ताकि बालिकाएं किसी भी विपरीत परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें।

साथ ही, महिलाओं को यह भी बताया गया कि यदि सार्वजनिक स्थलों, बसों या रास्तों में छेड़छाड़ या उत्पीड़न जैसी घटनाएं घटित हों, तो डरने या चुप रहने के बजाय तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें या नजदीकी थाने में जाकर एफ.आई.आर. दर्ज कराएं। इस अवसर पर महिला सुरक्षा हेतु संचालित प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें –

**1076**: मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **1090**: वीमेन पावर लाइन, **181**: वीमेन हेल्पलाइन, **112**: पुलिस आपातकालीन सेवा **102** : गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस सेवा, **108** : सामान्य एम्बुलेंस सेवा, **1098** : चाइल्ड लाइन (बच्चों से संबंधित आपात स्थितियों हेतु), **101**: अग्निशमन सेवा, **1930**: साइबर अपराध हेल्पलाइन कार्यक्रम में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति भी जागरूकता फैलाई गई। महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें। साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, महिला प्रतिभागियों को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में बताया गया। उन्हें यह संदेश दिया गया कि वे स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, जिससे एक सुरक्षित और अनुशासित समाज का निर्माण हो सके।

कार्यशाला के अंत में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने उपस्थित छात्राओं, महिलाओं एवं पुलिस अधिकारियों को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहने तथा महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर , क्षेत्राधिकारी यातायात, CO_UT , प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।